PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 | अंक 21 | जयपुर : 8 जून 2024 से 22 जून 2024 | RNI No : RJHIN/2002/9810 | वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

**जरूरी सूचना**

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

## जयपुर के घनश्याम जिंदल एसबीआई में उप प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** शांति नगर निवासी घनश्याम जिंदल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 31 मई 2024 को उप प्रबंधक के पद से सेवा निवृत हुए।

घनश्याम जिंदल का जन्म 15 मई 1964 को जयपुर में चौथमल जिंदल और शांति देवी की सातवीं संतान के रूप में हुआ। हसमुख स्वभाव और स्पष्ट बात-व्यवहार के कारण वे सदैव सबके प्रिय रहे। इनके 6 भाई और 4 बहने हैं।

इनका प्राथमिक और उच्च माध्यमिक अध्ययन जयपुर में सम्पन्न हुआ। 3 जनवरी 1986 में इनका चयन एसबीबीजे बैंक में हुआ और नागौर जिले के मारोठ में इनकी प्रथम नियुक्ति हुई। इसके बाद इन्होंने अपने कार्यकाल में फागी, जयपुर, बीकानेर, भीलवाड़ा की शाखाओं में अपनी सेवाएं दी। 14 फरवरी 1987 में इनका विवाह भंवर लाल निवार्ण और घीसी देवी की पुत्री मधु देवी से हुआ। इनके दो पुत्र और एक पुत्री है। देवन्द्र, भुपेन्द्र पुत्र, एवं विजय लक्ष्मी पुत्री। ये प्रारंभ से मृदुभाषी और सरल स्वभाव के कारण अपने ससुराल और अपने कार्य स्थल पर सभी के प्रिय रहे। अपने कार्यस्थल पर भी विभिन्न गतिविधियों में शामिल रहे जिसके कारण उन्हें समय-समय पर सम्मानित भी किया गया। इनका प्रमुख उद्देश्य था शिक्षा का प्रचार प्रसार। इनका मानना था कि बच्चे खासतौर पर बालिकाएं अवश्य पढ़ाई करें क्योंकि उनके शिक्षित होने से दो परिवार शिक्षित हो जाते हैं। इन्होंने सामाजिक क्रिया कलापों में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। मृदुभाषी होने के कारण विभिनन कार्यक्रमों में मंच संचालन कि जिम्मेदारी दी गई जिन्हें इन्होंने बखूबी निभाया और सभी जगह भरपूर सम्मान पाया। 31 मई 2024 को जयपुर के एसबीआई से उप प्रबंधक के पद से सेवानिवृत हुए। बैंक में सेवानिवृत समारोह का आयोजन किया गया वहीं परिवारजनों ने 31 मई 2024 को एक जोधपुर गार्डन में सेवा निवृत्त समारोह का आयोजन किया। जिसमें सभी परिवारजन और मित्रगणों ने भाग लिया। घनश्याम जिंदल ने सभी का आभार प्रकट करते हुए बताया कि ईश्वर की कृपा और माता-पिता के आशीर्वाद से और सभी अतिथियों, परिवारजनों के कारण इन खुशी के पलों का सौभाग्य मिला है। इसके लिए सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। अब सेवानिवृत्त होने के बाद पूरा समय परिवार और समाज के विकास में अपना योगदान देंगे। समाज बंधुओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास करेंगे।

## युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृति चिंताजनक

# नशामुक्त समाज के लिए व्यापक स्तर पर हो पहल : राज्यपाल

### नशे के विरूद्ध अभियान में समाज की भूमिका विषयक संवाद आयोजित




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि नशा मुक्त समाज के लिए व्यापक स्तर पर पहल किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने नशा मुक्ति प्रयासों को जन आंदोलन बनाए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल मिश्र बीकानेर के राजकीय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय सभागार में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और पुलिस रेंज बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान् में आयोजित संवाद नशे के विरूद्ध अभियान में समाज की भूमिका को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने चिंता जताते हुए कहा कि जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 6 करोड़ से अधिक लोग नशीली दवाइयों के उपयोगकर्ता हैं। इनमें बड़ी संख्या में 10 से 17 वर्ष के किशोर शामिल हैं। यह आंकड़े डराने वाले हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रखा गया संवाद मादक द्रव्यों के सेवन से मुक्त स्थाई समाज के लक्ष्य प्राप्ति की ओर अभिनव पहल साबित होगा।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति जैसे अभियानों में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। छोटे-मोटे अपराधों में पुलिस के समक्ष ऐसे अपराधी आते होंगे, जिन्होंने नशे की आदत के कारण अपराध का रास्ता अपनाया हो। ऐसे लोगों की पहचान कर, उन्हें अपराध से दूर रखने, नशे की प्रवृत्ति से बचाने की दिशा में पुलिस की भागीदारी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। राज्यपाल ने आह्वान किया कि रेडक्रॉस के जरिए नशे के आदी व्यक्ति यों के लिए एकीकृत पुनर्वास केन्द्र अधिक से अधिक संख्या में स्थापित हों। नशा मुक्ति केन्द्रों में नशीली दवाओं पर निर्भर व्यक्ति यों के लिए परामर्श एवं उपचार सुविधाएं विकसित की जाएं। इनके लिए रेफरल और लिंकेज प्रदान करने के साथ स्क्रीनिंग, मूल्यांकन और परामर्श की सुविधाएं बढ़ाई जाएं। राज्यपाल ने रेंज पुलिस द्वारा नशे की रोकथाम के लिए किए गए पुलिस पब्लिक पंचायत, पुलिस विद्यार्थी चौपाल, ऑपरेशन सीमा और स्टूडेंट्स अगेंस्ट ड्रग्स जैसे नवाचारों की सराहना की। इससे पहले राज्यपाल ने संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। वेदपाठी पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार किया गया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट वाइस चेयरमेन विजय खत्री ने स्वागत उद्बोधन में सोसायटी की गतिविधियों की जानकारी दी। पुलिस रेंज बीकानेर के महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने नशा मुक्ति से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया। जिला कलक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला अध्यक्ष नम्रता वृष्णि ने आभार जताया। इस दौरान संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी भी बतौर अतिथि मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन राजेन्द्र जोशी ने किया।

## अब उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 जून तक होंगे

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए आवेदन की तिथि 31 मई 2024 से बढ़ाकर 30 जून 2024 कर दी गई है। इस संबंध में विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति/अनु जनजाति/अति पिछड़ा वर्ग पूर्व में विशेष पिछडा वर्ग/ अन्य पिछडा वर्गध्आर्थिक पिछड़ा वर्ग विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय/मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में राष्ट्रीय स्तरए राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण सस्थांओं एवं राज्य के बाहर संचालित राजकीय शिक्षण संस्थाओं के मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में प्रवेशित/ अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों द्वारा वेब पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन करने कक्षा 11 एवं 12वीं के अतिरिक्त तथा संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन पंजीकण करने आवेदन पत्र भरने के लिए पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि 31 मई में संशोधन किया गया है। उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि 30 जून 2024 कर दी गई है।

## जिंदल को समाज के विभिन्न संगठनों दी शुभकामनाएं







**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** घनश्याम जिंदल के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 31 मई 2024 को उप प्रबंधक के पद से सेवानिवृत होने पर आयोजित समारोह में समाज के गणमान्यों और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों और परिवारजनों ने उपस्थित होकर हार्दिक शुभकामनाएं दी। अपनी इस अवसर पर शेखावाटी पंचायत संस्था, शेखावाटी परिवार, धानका महासभा, धानका विकास समिति हथरोई सहित अनैक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने पहुंचकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से श्रवण सिंह किरार, हेमलता किरार, रविसिंह किरार ने परिष्कार पत्रिका के उर्पणा से और स्मृति चिन्ह देकर शुभकामनाएं दी।

सेवानिवृत्ति समारोह के बाद धानका समाज शेखावाटी परिवार ने सभी सदस्यों ने घनश्याम जिंदल का उनके घर पर साफा, माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर बधाई दी।

इस अवसर पर घनश्याम जिंदल ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि इस समारोह में जिस तरह सभी आपास में सौहार्दपूर्ण व्यवहार कर आपस में मिलते जुलते है। सामाजिक मुद्दों पर भी यह सदैव बनाएं रखे तो समाज में तेजी से विकास की संभावनाएं बढ़ती है। समाज में सामाजिक रूझान रखने वालों और प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उन्हें उचित सम्मान के साथ हम सामाजिक विकास से जोड़ सकतें हैं।

## निकिता ने 10वीं में 99.33% प्राप्त कर जयपुर में टॉप किया



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** खुदी को कर बुलन्द इतना कि हर तकदीर से पहले खुदा बन्दे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है। यह वाक्या चरितार्थ किया है जयपुर के शान्ति नगर स्थित एएस मेमोरियल सैकंडरी स्कूल की छात्रा निकिता तोमर ने, जिसने पहले से यह ठान रखा था कि दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर अव्वल रहेगी। जबकि निकिता राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 99.33 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे जयपुर जिले में टॉप कर लिया है। स्कूल के निदेशक अंकित सिंह और एचओडी अवंति सिंह ने बताया कि स्कूल की छात्रा निकिता तोमर की इस विशेष उपलब्धि पर पूरे स्कूल को गर्व है। निकिता ने पूरे जयपुर जिले में टॉप करके इस स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं निकिता ने अपनी इस अनूठी सफलता का श्रेय अपने पिता जितेन्द्र तोमर जो कि प्राइवेट जॉब में हैं और माता अर्चना कंवर जो कि एक हाउस वाइफ है और स्कूल के निदेशक और अध्यापकों को दिया है। निकिता ने बताया कि सत्र के शुरू होने से ही वह रोजाना नियमित रूप से 4 से 5 घंटे अध्ययन करती थी और स्कूल की पढ़ाई के अलावा कभी कोई कोचिंग या ट्यूशन की पढ़ाई नहीं ली। निकिता ने बताया कि अर्द्धवर्षिक परीक्षा के दौरान आंखों में प्रॉब्लम होने की वजह से लगभग दो माह तक उसकी पढ़ाई भी डिस्टर्ब हुई थी लेकिन वह समस्याओं से घबराए बिना कड़ी मेहनत से अपना लक्ष्य हासिल कर पाने में कामयाब रही। निदेशक अंकित सिंह ने इसके लिए विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

# Parashar Children Paradise Public Sr. Sec. School, Jaipur

## पाराशर पैराडाईज स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बौर्ड में पाराशर चिल्ड्रन पैराडाईज पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल पार्कव्यू कॉलोनी के विद्यार्थियों ने परचम लहराया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय के निर्देशक रामलाल पाराशर ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि यह बहुत ही सुखद पल हैं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के सभी टॉपर विद्यार्थियों को माला व साफा और गोल्ड मैडल पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय में ज्यादातर विद्यार्थी आसपास के क्षेत्रों से है इसलिए इस अवसर पर उन्होंनें सभी टॉपर विद्यार्थियों को जीप में बिठाकर ढोल बाजे के साथ विजय रैली निकाला। रैली में विद्यालय परिवार के सभी विद्यार्थी, अध्यापक और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। विद्यालय से शुरू हुई यह रैली हसनपुरा की विभिन्न कॉलोनियों से होती हुई पुनः विद्यालय पहुंची। रैली में विद्यार्थियों जमकर आनंद लिया। इसस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और आगुंतकों का मुंह मीठा कराया।





## अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण और परिण्डे लगाए





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** पाराशर विद्यालय के निर्देशक रामलाल पाराशर ने बताया कि विद्यालय की ओर से निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। जिसके अर्न्तगत अर्न्तराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर पार्क व्यू कॉलोनी में विभिन्न स्थानों जैसे मंदिर, पार्क, मोक्षधाम आदि में पौधारोण कर पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों में काफी उत्साह नजर आया। निर्देशक पाराशर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यालय परिवार का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की पूरी टीम विद्यार्थियों को संस्कारित शिक्षा देने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सदैव प्रयासरत है। अब अगले सत्र की शुरूआत बेहतर हुई है तो इस सत्र में भी पाराशर चिल्ड्रन पैराडाईज पब्लिक सी सै स्कूल बेहतर रहेगी।






ADMISSION OPEN

PARASHAR SCHOOL







RAMLAL PARASHAR
DIRECTOR



SUGHAR SINGH
PRINCIPAL

FOR DETAILS
DIRECTOR 9351451481
PRINCIPAL 8114470073
Address
17, Park View Colony Behind NBC Quarters, Khatipura Road, Jaipur-06

## सम्पादकीय

बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम जारी हो चुका है। इस बार विद्यार्थियों ने काफी अच्छा किया। शिक्षकों ने इस बार विद्यार्थियों को आगे बढ़ाया है। वैसे हमें जीवन में शिक्षक और सड़क बहुत कुछ सीखाते है। शिक्षक हमें प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा का ज्ञान कराते हैं और समय समय पर हमारी परिक्षा लेकर हमारे ज्ञान का उपयोग करने के साथ हमारा आंकलन करने का अवसर देते हैं। शिक्षक ही हैं जो हमें जीवन के हर क्षेत्र की परिक्षा के लिए तैयार करते है। जिससे हम जीवन के हर लक्ष्य व संघर्ष में सफलता प्राप्त कर सके। वे अपने विद्यार्थियों से सदैव यही चाहतें है कि वे अपने हर परीक्षा में सफलता का परचम लहराएं। शिक्षक ही हमें व्यवहार, आचरण, चरित्र के महत्व को समझाते हुए हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करने में सहायक होते हैं और सड़क हमें रास्ते की चुनौतियों को स्वीकार कर लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। सड़क पूरे जीवन कदम-कदम पर हर रास्ते में आने वाली कठिनाईयों का आभास कर हमें शारीरिक और मानसिक स्तर पर मजबूत करने के साथ साथ रास्ते में अनेक तरह की परिक्षा लेकर हमारे होंसले को मजबूत बनाती है कि हम किसी भी परिक्षा के लिए तैयार रहे और हर संघर्ष में धैर्य व हिम्मत बनाऐ रखे। इसलिए हमें शिक्षक व सड़क के महत्व को सदैव याद रखना चाहिए। दोनों ही प्रगति पथ में हमें मजबूत बनाते हैं। साथ ही हमारे जीवन मे बहुत सारे ऐसे लोग आते है जो हर विषय,चर्चा और हर समय सत्य व स्पष्ट बात करते है। उनके विचार भी स्पष्ट होते है। वो किसी भी व्यक्ति, घटना और सामाजिक परिवेश में अपनी बात स्पष्ट रखते है। ऐसे लोगों को अक्सर कुछ लोग की जलन, कुन्ठा और विरोध का सामना करना पडता है, क्योंकि सत्य व स्पष्टता सबको सहन नहीं होती। स्वीकार नहीं होती। इसलिए स्पष्ट बोलने, लिखने और स्पष्टता के साथ चलने वालों के खिलाफ ऐसे लोग जो अपने व अपने परिवार, रिश्तेदार व साथियों के चाल चरित्र को छुपाना चाहते है, अपनी असामाजिक गतिविधियों पर पर्दा बनाए रखना चाहते है, अपने गलत कारनामों को सार्वजनिक होने से डरे रहते है, अपनी गलत सोच, विचार, कार्यों का समर्थन बनाए रखना चाहते है वे एक अपना अलग समुह बना लेते है और हर स्पष्ट बोलने, कहने वाले का विरोध शुरू करने लग जाते है। इसीलिए कहा है कि सत्य व स्पष्ट बोलने वाले व्यक्ति हर जगह एडजस्ट नहीं हो पाते, अपनी सत्य बोलने व स्पष्ट बात कहने के कारण अक्सर अपने रिश्तेदारों, साथियो के बीच उन्हें परेशान होना पड़ता है।

जय हिन्द। जय भारत।। जय हिन्द। जय भारत।।

## 22 गांव राजावाटी के प्रधान जयपुर निवासी सूरजमल डाबी का निधन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** श्री धानका समाज 22 गांवा राजावाटी के प्रधान सूरजमल डाबी का शारीरिक अस्वस्थता के चलते 1 जून 2024 को निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। वे कन्हैया लाल डाबी और गैंदी देवी के पुत्र थे। उनके एक भाई रामनाथ डाबी है। उनकी 1977 में आरएसईबी में नियुक्ती हुई और वे सरकारी सेवा में आए। इसके बाद मृदुभाषी और व्यवहार कुशल होने के कारण सामाजिक गतिविधियों में शामिल होकर अपनी शानदार पहचान बनाई। उनका विवाह ग्यारसी लाल खनगवाल और कल्याणी देवी की पुत्री बिल्लू देवी से 26 मई 1978 को हुआ। उनका शुरू से ही सामाजिक रूझान था। एकदूसरे की मदद करना। सामाजिक कार्यक्रमों में मेजबान के कार्यों को बखूबी निभाना। हौसला अफजाई करना। जिनके चलते उन्हें 22 गांव राजावाटी का प्रधान बनाया गया। वे समाज के सभी कार्यों में शामिल होते थे। 30 जून 2018 में वे आरएसईबी से सेवा निवृत्त हुए। वे सदा सामाजिक संस्था से जुड़ें रहे और विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सेवाओं में अपना योगदान दिया। प्रधान बनने के बाद उन्होंने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों बखूबी निभाया। उन्होंने संत-महात्माओं के बीच अपने कुशल नेतृत्व और मधुर वाणी से अपनी अच्छी पहचान बनाई। पिछले कुछ दिनों से शारीरिक अस्वस्थता के चलते 1 जून 2024 को निधन हो गया। वे अपने पीछे उनकी धर्मपत्नी बिल्लूदेवी, पुत्र-पुत्रवधु हरीश डाबी-सुगना देवी, पुत्र कमलेश डाबी, दो पुत्रियां पूनम, मंगेश और दोयते-दायती सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गए है। उनके निधन से समाज में गहरा शोक व्याप्त है। इस दुख की घड़ी में समाज की सभी संस्थाओं, संगठनों और पदाधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त किया। परिष्कार पत्रिका परिवार की तरफ से निदेशक श्रवण सिंह किरार और सम्पादक रविसिंह किरार ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित की।

## श्रद्धा सुमन

:: स्व.श्री सूरजमल डाबी ::
(सेवा निवृत लाइनमैन आरएसईबी)
प्रधान, 22 गांव राजावाटी
परलोकगमन : 1 जून 2024



नई का न्हान : 9 जून 2024
कीर्तन : 11 जून 2024
शैरी पूजन एवं पगड़ी : 12 जून 2024

:: श्रद्धानवत ::
बिल्लू देवी (पत्नी), रामनाथ डाबी (भाई), हरीश डाबी - सुगना देवी (पुत्र-पुत्रवधु), कमलेश डाबी (पुत्र), पूनम - विनोद कुमार मोरवाल वादी का फाटक, मंगेश-विशाल देराण अजमेर (बेटी-जवाई), वीर (दोयता), पीहू, सांध्या, पूर्वी (दोयती), एवं समस्त डाबी परिवार एवं
**परिष्कार पत्रिका परिवार**
प्लाट नं. 611, शिवाजी नगर, शास्त्री नगर, जयपुर
मो. 8559818914, 8387997968


Reg. No. : 243/81 Mob. : 8852009000, 9351780937

**Sanjay Memorial Sr. Sec. School**
17, Janta Nagar, Sodala, JAIPUR - 302006

प्रवेश प्रारम्भ
PLAY GROUP TO 12TH
HINDI/ENGLISH MEDIUM
No Admission Fee

RTE से 25% आरक्षित

9वीं से 12वीं तक स्कूल कोचिंग सुविधा

11वीं एवं 12वीं कला वर्ग के छात्रों के लिए RAS फाउण्डेशन एवं सरकारी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी

वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा से ही CA एवं CS फाउण्डेशन की तैयारी

स्कूल की विशेषताएँ
Free Dress for New Admission
- कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी
- बोर्ड कक्षाओं अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी
- विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम प्रवेश
- विज्ञान, कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला
- पिछले 40 वर्षों से सभी बोर्ड कक्षाओं का 100 प्रतिशत परिणाम
- 10वीं कक्षा में 80 प्रतिशत एवं अधिक अंक लाने पर फीस में विशेष छूट
- स्पोर्ट्स विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट
- सभी कक्षाएँ वातानुकूलित
- सभी नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए फ्री युनिफॉर्म

हॉस्टल व वाहन सुविधा

निदेशिका
( सैयद इशरत ज़बी )


वर्षा मावर ने एम बी बी एस पास की

# शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ती युवा पीढ़ी

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** समाज के जनप्रतिनिधियों को समाज की जाजम पर शिक्षा फंड भी लाग-बाग के रूप में निकाली जानी चाहिए। जिसे शिक्षा के क्षेत्र खर्च किया जाना चाहिए। ताकि समाज का हर व्यक्ति शिक्षा के महत्व को पहचान सके। यह कहना है दिलीप मावर का, जो कि राजकीय विद्यालय में प्रिंसिपल है। सुवा लाल और कौशल्या देवी के पुत्र दिलीप मावर अपने चार भाईयों में सबसे बड़े हैं। दिलीप मावर का जन्म 17 जनवरी 1972 में जयपुर के झोटवाड़ा में हुआ। इन्होंने बीए, एम ए, बीएड तक की शिक्षा प्राप्त की। 16 जुलाई 1996 में इनकी जयपुर में अध्यापक पद पर नियुक्ति हुई। इनका विवाह सुमन देवी से 28 फरवरी 1998 में हुआ। इनके एक पुत्र प्रधुमन और एक पुत्री वर्षा है। दिलीप मावर ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए उसके प्रति रूझान रखते हुए अपने बच्चों को भी बेहतर शिक्षा दिलाने के प्रयास किए। उन्होंने अपनी पुत्र-पुत्री को एमबीबीएस कराया। जिसमें पुत्री ने एमबीबीएस पूरा किया और पुत्र अभी द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत है।

उन्होंने परिष्कार पत्रिका को बताया कि समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है। लेकिन इससे भी ज्यादा जरूरी बात है वो ये कि समाज के जो भी व्यक्ति शिक्षित हो वे समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान अवश्य करें। इसके लिए जरूरी नहीं कि पैसे ही दिये जाएं। वे अपना



अमूल्य समय और सुझाव देकर भी समाज को प्रगतिपथ पर आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारित भी करना जरूरी है। ताकि वे अपने और अपने समाज के बारे बेहतर सोच विकसित कर सके। शिक्षित वर्ग की ज्यादा जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी समय निकाले और उसके विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

जयपुर विकास प्राधिकरण

## वाहन की टक्कर से गिरे साइनेज और क्षतिग्रस्त बेरियर को शीघ्र किया जाएगा दुरस्त

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रोजेक्ट भारत जोड़ो सेतु पर अजमेर एलिवेटेड रोड से जहां भारत जोड़ो सेतु का मिलान होता है, वहां लगा ओवरहेड साइनेज वाहन की टक्कर से गिर गया, जिससे किसी भी प्रकार की मानवीय क्षति नहीं हुई है। निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि भारत जोड़ो सेतु अजमेर एलिवेटेड रोड से जहां मिलता है, वहां लगा ओवरहेड साइनेज वाहन की टक्कर के कारण गिर गया एवं कंक्रीट क्रैश बैरियर क्षतिग्रस्त हो गया है। साइनेज गिरने से किसी भी तरह की मानवीय दुर्घटना एवं क्षति नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि घटना के संज्ञान में आते ही जेडीसी मंजू राजपाल के निर्देशानुसार जेडीए टीम द्वारा तुरंत मौके पर पहुंचकर यातायात आवागमन को सुचारु करने का कार्य प्रारंभ किया गया एवं क्षतिग्रस्त साइनेज को दो दिवस में दुरुस्त कर दिया जाएगा।

### दो बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-2 में ग्राम शिस्यावास हल्का अखेपुरा तहसील आमेर में करीब 02 बीघा जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि-आम रास्तें को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम षिस्यावास हल्का अखेपुरा तहसील आमेर, जिला जयपुर के खसरा नं 560, 561, 563 जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि-आम रास्तें पर कब्जा- अतिक्रमण कर बैरीकेड़, टीनशेड़ लगाकर लकडी की छड़ियां, पत्थर मलवा डालकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था। जिससे स्थानीय लोगो आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर अतिक्रमणकर्ता को अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-02 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## निदेशक ने किया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अग्रवाल फार्म का आकस्मिक निरीक्षण



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ रवि प्रकाश माथुर ने राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रए अग्रवाल फार्म का आकस्मिक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उनके साथ संयुक्त निदेशक, अस्पताल प्रशासन डॉ ओ पी शर्मा, संयुक्त निदेशक, मुख्यालय डॉ राजेश शर्मा, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ सुरेंद्र कुमार गोयल, बीसीएमओ सांगानेर डॉ श्याम सुंदर दायमा उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हीट वेव से सम्बंधित समस्त आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं समेत अन्य सभी चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने डेंगू, चिकनगुनिया, स्क्रब टाइप्स, मलेरिया और स्वाइन फ्लू जैसी मौसमी बीमारियों की समीक्षा कर संस्थान में आने वाले रोगियों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों को निर्धारित गणवेश में समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं को सुचारू रखने के लिए निर्देशित किया।

## आरयू स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंम्प, अनूठा प्रयोग सीड्स बॉल्स का किया वितरण



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान के खेलबोर्ड परिसर में 16 मई से चल रहे स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का समापन किया गया। इस समापन कार्यक्रम में अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अल्पना कटेजा ने की और उन्होंने प्रतिभागियों एवं बाहर से आये आगुत्कों खेल गतिविधियों को अयोजित करनें एवं खेल के स्तर को बढ़ाने का आश्वासन दिया। शिविर के समापन समारोहमें मुख्यअतिथि ओल्मपियन एवं अर्जुन अवार्डी रूप में गोपाल सैनी ने कहा कि जिन्होनें खिलाडियों को खेल के प्रति निष्ठा एवं ईमानदारी बरतने एवं वर्तमान में खेलों में उपयोग हो रही प्रतिबन्धित दवाइयों से बचने के लिये जागरूक किया। समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में राजस्थान कैडर के आईपीएस पंकज चौधरी उपस्थित रहे। जिन्होंने सभी लोगों को खेल से जुड़ने एवं प्रतिदिन खेल को समय देने का संदेश दिया है। खेल बोर्ड की सचिव डॉ प्रीति शर्मा ने बताया की इस स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप में 14 खेलों को रखा गया था। जिसे प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा लिया गयाण् इस शिविर में 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अनुशासन के साथ खेल को सिखा एवं समझा।

## मानसरोवर के धनवंतरी अस्पताल में हर्षोल्लास मनाई 31वीं वर्षगांठ

डायरेक्टर आरपी सैनी ने केक काटकर दी बधाई



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर स्थित धनवंतरी अस्पताल में 31 मई 2024 को अस्पताल की वर्षगांठ अस्पताल परिसर में हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। इस शुभ अवसर पर अस्पताल के फाउंडर एवं प्रबंधक निदेशक डॉक्टर आर पी सैनी ने बताया कि 31 वर्षों में उन्होंने एवं उनके साथ कार्यरत समस्त स्टाफ ने पूरी मेहनत एवं लगन के साथ मरीजों का उपचार किया। जिसका परिणाम है कि जयपुर के अलावा पूरे राजस्थान एवं देश में धनवंतरी अस्पताल को अपने अच्छे सुविधाजनक उपचार के लिए जाना जाता है। प्रबंधक निदेशक डॉक्टर आर पी सैनी एवं निदेशक प्रभा सैनी ने यह शुभ अवसर पर पूरे धनवंतरी अस्पताल, धनवंतरी कॉलेज के स्टाफ एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं को मिठाई बांटी साथ की धनवंतरी अस्पताल एवं सहायक अस्पताल ओजस क्लिनिक में मरीजों एवं उनके परिवारजनों को मिठाइयां और फल वितरित किए एवं संकल्प लिया कि धनवंतरी अस्पताल सभी स्तर के व्यक्तियों का अपना अस्पताल है तथा बिना भेदभाव के समान रूप से उपचार प्रदान करना परम धर्म है। इलाज के अभाव में कोई मरीज वापस नहीं जाना चाहिए।

भीषण गर्मी को देखते हुए मरीज के परिजनों को रहने खाने एवं पानी की पर्याप्त जरूरतों की पूर्ति अस्पताल प्रशासन कर रहा है। साथ ही अस्पताल की 31 वर्षगांठ के शुभ अवसर पर पौधारोपण किया गया। इससे यह उस दिशा में पहल है जिससे बढ़ते तापमान को संतुलित किया जा सके। प्रबंधक निदेशक डॉक्टर आर पी सैनी ने यह भी बताया कि यहां पर चिरंजीवी, ईसीएचएस, आरजीएचएस, अन्य तरह के सभी लाभार्थी अस्पताल की सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। जिसमें लगभग 2 लाख से ज्यादा सर्जरी हो चुकी है तथा टीकेआर, टीएचआर ओर्थोस्कोपी लगभग 30000 से ज्यादा हो चुकी है। धनवंतरी नर्सिंग कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को विभिन्न मेडिकल कोर्स करवा कर उनका भविष्य सुनिश्चित करने का प्रयासरत है।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय निर्णय लेखन कार्यशाला अब 10 जुलाई से होगी

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्य के राजस्व न्यायालयों से पारित होने वाले निर्णयों को त्रुटिरहित, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत ढंग से लेखन की प्रवृत्ति सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर राज्य के अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों की त्रिदिवसीय निर्णय लेखन कार्यशाला अब 12 से 14 जून के स्थान पर आगामी 10 से 12 जुलाई तक अजमेर के राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, आरआरटीआई में आयोजित होगी।

अजमेर आरआरटीआई में वर्तमान में आरटीएस प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के चलते यह संशोधन किया गया है। राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने बताया कि इस दिवसीय कार्यशाला में राज्य के प्रत्येक जिले से सभी राजस्व अपील प्राधिकारी, भू-प्रबंध अधिकारी पदेन राजस्व अपील प्राधिकारियों को अनिवार्यतः भाग लेने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही हर जिले से जिला कलक्टर के स्तर से मनोनीत अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर में से किसी एक राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की भागीदारी रहेगी। कार्यशाला में हर जिले से अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है। नामांकन के बावजूद अधिकारियों की कार्यशाला में अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित होंगे सत्र : इस कार्यशाला में विभिन्न सत्रों में विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में राजस्व अधिनियम, काश्तकारी अधिनियम, निर्णय लेखन के आवश्यक तत्व एवम राजस्व न्यायालयों के बेहतरीन संचालन को लेकर विविध महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चाएं होंगी।

## 10वीं परीक्षा परिणाम घोषित

### बीएसएन स्कूल और लिटिल एंजलस स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** बीएसएन स्कूल देवी नगर सोडाला, बीएसएन स्कूल सांगानेर तथा लिटिल एंजलस स्कूल कटेवा नगर जयपुर का कक्षा 10 का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें 97 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, ग्रुप के समस्त विद्यार्थियों में छात्र सूरज कुमार ने 94.70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। छात्रा अनन्या ने 90 प्रतिशत तथा यशराज ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के एक तिहाई बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। गणित विषय में 50 प्रतिशत बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किए तथा दो बच्चे श्रेया जांगिड़ व यशराज ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर गौरांवित किया। सभी विषयों में छात्र-छात्राओं का स्कोर शानदार रहा, शानदार परीक्षा परिणाम पर शैक्षिक निदेशिका किरण खुलवे ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि




सक्सेस इस दा सम ऑफ मेनी स्मॉल एफर्टस। खुल्वे ने बताया कि इस अवसर पर निदेशक किरण खुल्वे ने विद्यालय के सभी टॉपर विद्यार्थियों का माला और साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। ग्रुप के निदेशक डॉ प्रकाश चंद्र खुल्वे ने इस शानदार परिणाम के लिए विद्यालय परिवार के सभी विद्यार्थियों सहित शिक्षकों, कार्मिकों, अभिभावकों को बधाई दी एवं छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

## जिला स्तरीय ताई काडो टूर्नामेंट में बीएसएन के विद्यार्थियों ने लहरया परचम



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जिला स्तरीय ताई काडो टूर्नामेंट में बीएसएन के विद्यार्थियों ने लहराया परचम। एसएमएस स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट में बीएसएन एकेडमी के 20 बच्चों ने भाग लेकर गोल्ड और सिल्वर मैडल प्राप्त किए।

लक्षिता शर्मा, राज्यवर्धन सिंह रूचिका कंवर, गोविंद शर्मा, मनस्वि राठौड़, आरूषि ने गोल्ड मैडल और निविता खण्डेलवाल, पूर्विका जांगीड़, यशस्वी शर्मा ने सिल्वर मैडल प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रौशन किया। कोच सूनील सोनी और निदेशक डॉ प्रकाश खुल्वे ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया सभी विद्यार्थियों को संस्कारित शिक्षा देते हुए खेल-कूद के लिए बेहतर प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्तकर बच्चे अपने विद्यालय, परिवार और देश का नाम रोशन करते है। किरण खुल्वे ने सभी का आभार प्रकट किया।

## संत गरीबदास महाराज का 115 वां पावन जयन्ती महोत्सव 11 जून को

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान ज्ञान सम्प्रदाय श्रीगरीबदास सतसंग मंडल, जयपुर एवं राजस्थान धानका समाज क्षेत्रीय पंचायत देवा नेवटा के तत्वावधान में 11 जून 2024 को ग्राम नेवटा तहसील सांगानेर जयपुर में पूज्य संत गरीबदास महाराज का 115 वां पावन जयंती महोत्सव भव्य शोभा यात्रा, विशाल सत्संग और भंडारे के साथ मनाया जाएगा। अध्यक्ष संत ज्ञानदास महाराज और प्रधान गोपाल लाल कायथ के अनुसार शोभा यात्रा ग्राम नेवटा से पूर्व मुहाना रोड़, वटवृक्ष के पास से सांय पांच बजे मंडल के अध्यक्ष ज्ञानदास महाराज के कर कमलों द्वारा गरीबदास महाराज की प्रतिमा को हंस रथ में सजाकर मंगल कलश एवं बैंड बाजा, संत-महात्मा, व स्त्री पुरूष बच्चों आदि के जन समूह के साथ निकाली जाएगी जो ग्राम नेवटा के परिक्रमा लगाते हुए करीब 7 बजे महाराज श्री के मंदिर पर पहुंचेगी। यहां पर सभी श्रद्धालु, भक्त प्रसादी ग्रहण कर सत्संग का आनंद लेंगे। सत्संग का संचालन तेजपाल गहलोत प्रधान बारह अखाड़ा जयपुर करेंगे।

## हरिदेश जोशी पत्रकारिता एवं जन संचार विश्वविद्यालय में प्रवेश शुरू

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय एचजेयू में अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया 8 जून से शुरू होगी। प्रवेश संबंधी पूरी जानकारी और आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। विद्यार्थियों को ऑनलाइन ही आवेदन करना है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2024 है।

## परिष्कार मैरिज ब्यूरो

### वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किरार, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है देवली में स्वयं की ई-मित्र शॉप एवं गिफ्टिंग वर्क इन मेटल मार्किंग मशीन 29 वर्षीय एमकॉम लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः गहलोत, खर्रा, कायत। पो.बा. 601/24, सम्पर्क करें 9314407796 या 9928428368 देखें वेब साईट www. siddscreation.com

------------

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः

### वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीचल्चर साईटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, लुगरिया, मावर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, देराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, डाबला, निवार्ण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

# विश्व पर्यावरण दिवस पर राजस्थान थांग ता संघ ने 101 परिंडे बांटे और लगाए



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजस्थान थांग ता संघ ने 101 परिंडे बाटे और लगाए। गर्मी में परिंडे लगाओ परिंदा बचाओश् की अनोखी मुहिम के साथ राजस्थान थांग ता संघ के साथ अंशधरा हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के युवाओ के द्वारा सराहनीय कदम उठाया है। राजस्थान थांग ता संघ व अंशधरा हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के द्वारा झुंझनू के गांव बगड़ की स्पोर्ट जोन अकादमी से प्रारंभ किया संघ के उम्मेद सिंह शेखावत ने बताया कि पेड़ों पर मिट्टी के बर्तन में परिंदों के लिए दाना-पानी मिट्टी रखा जाता है। इसका उद्देश्य है कि गर्मी की वजह से किसी भी पक्षी की भूख-प्यास से मौत नहीं हो गर्मी में जल को अमृत के समान माना जाता है। मनुष्य को प्यास लगती है, तो वो कहीं भी अपनी प्यास बुझा लेता है, लेकिन बेज़ुबान परिंदो के लिए गर्मी से निजात पाना काफी मुश्किल होता है। इसको देखते हुए राजस्थान थांग ता व अंशधरा हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन की युवा टीम ने सराहनीय कदम उठाया है। परिंडे लगाओ परिंदा बचाओ नारे के द्वारा शहर से लेकर गांवों तक जा कर पेड़ों पर मिट्टी के बर्तन में परिंदों के लिए दाना-पानी मिट्टी रखा जाता है। इसका उद्देश्य है कि गर्मी की वजह से किसी भी पक्षी की भूख-प्यास से मौत नहीं हो। इस मौके पर पेड़ों पर 101 मिट्टी के बर्तनों में पानी व दाना भर कर लटकाया गया।

# वैदिक कन्या पीजी कॉलेज परिसर में लगाए परिंडे



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** वेदिक कन्या पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आनंदम समूह के विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर व बाहर जाकर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय फागी से जीव विज्ञान की प्रो सीमा गर्ग ने कहा कि जीव-जंतु पशु-पक्षी की रक्षा करना हम मनुष्यों का परम कर्तव्य है। इनकी रक्षा यानी पृथ्वी की व पर्यावरण की रक्षा है। प्राचार्या डॉ लतिका झा ने कहा कि पक्षियों की चहचहाहट से जो सुकून मिलता है उसका आनंद ही अलग है। डॉ लक्ष्मी माथुर ने कहा कि पेड़ पौधे, पशु-पक्षी से ही हमारा जीवन है। डॉ पूनम चोपड़ा ने कहा कि यह एक बड़ा सेवा कार्य है। कॉलेज के सचिवए डॉ अनिरुद्ध सहनी ने कहा कि हमारी संस्कृति यही है कि जीव मात्र की रक्षा करना।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्योर डिवोशन फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** बोधि ट्री जो की एक ख्यातनाम फैशन ब्रैंड है और प्योर डिवोशन फाउंडेशन के तत्वाधान में 23 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन गोपालपुरा स्थित सफारी होटेल में किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में बोधि ट्री के फाउंडर और मात्र कार्यक्रम के संयोजक शुभा गुप्ता और सिद्धि गुप्ता ने बताया कि ये कार्यक्रम एक चैरिटी के लिए आयोजित किया जाएगा और कार्यक्रम से आने वाली राशि को वृन्दावन में उन महिलाओं के लिए लिया जायेगा जो की बेघर है। प्योर डिवोशन फाउंडेशन वृन्दावन की वृद्ध, बुजुर्ग व असहाय महिलाओं के लिए राशन, भोजन, आवास व अन्य कल्याणकारी योजनाएं चला रहे है। 23 जून को होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य इन्ही महिलाओं की सहायता करना है। गौरतलब है कि प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी प्योर डिवोशन फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना कर चुकी हैं। प्योर डिवोशन फाउंडेशन सुंदर गोपाल प्रभु द्वारा स्थापित किया गया है।

यह फाउंडेशन छोड़ी गई माता बहनों के जीवन को बेहतर बनाने का लिए और उनकी तत्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करना है। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनके जैन, पवन गोयल, राघव गोयल, अनुराग अग्रवाल, संजय झांवर, अनिल गोयल, कन्नू मेहता, महावीर सोनी, नवल किशोर शर्मा, रमन अग्रवाल, ऋतुराज शर्मा, ललित शर्मा, बसंत जैन सहित शहर के अन्य गणमान्य महिला उपस्थित रहे। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में प्योर डिवोशन फाउंडेशन के राधा कांत प्रभु ने सभी उपस्तिथि लोगो को समाज सेवा के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम आयोजन से जुड़ी दीप्ति सोनी और शुभा गुप्ता ने बताया कि 23 जून को होटल नोवोटेल में देशभर की विभिन्न अपने शेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में दिया कुमारी सहित महक चहल और सबा खान भी मौजूद रहेगी जो की फैशन शो की गवाह रहेगी। इस मौके पर कैलेंडर भी लांच किया जाएगा।

# दिव्यांग ऑटो चालक की पुत्री के 90.17 प्रतिशत आने पर किया सम्मान



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** निःशक्तजन कल्याण परिषद राजस्थान के द्वारा दिव्यांग ऑटो चालक रमेश चंद बैरवा की पुत्री शुभ बैरवा का सम्मान किया गया। कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि शुभी बैरवा ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 90.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। रमेश बैरवा खुद ऑटो चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद अभावग्रस्त असुविधाओं के शुभी बैरवा ने सरकारी स्कूल महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय कावेरी पथ मानसरोवर जयपुर में अध्ययन कर अंक प्राप्त किए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पियूष किराडू शर्मा पार्षद वार्ड 63 नगर निगम ग्रेटर थे। विशिष्ठ अतिथि अनील बागड़ा पार्षद प्रत्याशी वार्ड 49 नगर निगम हेरिटेज रहे। दोनो पार्षदों ने शुभी का माला दुपट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। समारोह में कल्याण परिषद के रमेश शर्मा, रामकिशोर कुशवाहा, खेम चंद सैन, डॉ राजू फिजियोथेरेपी, दिव्या, सरला वर्मा एवं दिव्यांग सलाहकार संघ के देवेन्द्र शर्मा महिला मोर्चा की वीना सिंह व पूर्व प्रदेश मंत्री रमेश शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सेंट जेवियर्स विद्यालय नेवटा में 15 दिवसीय समर कैम्प का भव्य समापन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा में पिछले पंद्रह दिनों से चल रहे समर कैम्प का भव्य समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए और कैम्प में सीखे गए कौशलों को बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया। जिसमें नृत्य, गायन के साथ-साथ बैडमिंटन, ताइक्वांडों जैसे खेल भी शामिल थे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका सिस्टर लीडा डिसूजा के मार्गदर्शन में किया गया। इस कैम्प के अन्तर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल और प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अनैक गतिविधियों और खेलों में भाग लिया। समर कैम्प के दौरान विद्यार्थियों को स्कैटिंग, डांस आर्ट, बैंड, बैडमिंटन, क्रिकेट, ताइक्वांडों, इंग्लिश स्पीकिंग, कैलीग्राफी, फुटबॉल, बास्केटबॉल आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कैम्प के दौरान बच्चों को उनकी रूचि एवं योग्यता के अनुसार भिन्न-भिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का सुअवसर प्रदान किया गया। उप प्रधानाचार्य फादर अरूल एंटनी एसजे ने कार्यक्रम के प्रति आभार प्रकट किया। अपने शुभ वचनों को प्रेरित करते हुए उनके शानदार कार्य के लिए बधाई दी और भविष्य मेंनिरंतर बेहतरीन प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी। उप्रपधानाचार्य ने अभिभावकों, शिक्षकों, प्रशिक्षिकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।













Reg. No. 403 Established : 1996-97

# Parashar Children Paradise Public Sr. Sec. School

17, Park View Colony Behind NBC Quarters, Khatipura Road, Jaipur 302006 Mob.: 9351451481

Hindi Medium N.U.R to 12 th (Arts) Class English Medium N.U.R. to 8th Class

## CLASS - X



SONU SHARMA 81 % | VARUN DABI 81% | FARHAAN KHAN 78% | SANIYA 73% | NISHA BANO 72% | ARUN DABI 69% | MO. REHAAN 62%


REHAN KHAN 60% | MO. TAUFIQ 59% | ANSAAR 56% | RAFIQ KHAN 56% | FARMAAN KHAN 55% | LATIF ALI 46% | MO. ARMAN QURESHI 44%

97%



SANIYA BANO

## CLASS - XII



KHUSHI DABI 80% | SHITU - 80% | NANDINI - 78% | IKRAM - 71% | SHUBHAM - 65% | DEEPAK KUMAR 60% | NISHA KUMARI 60% | SHIVANI 63% | YASH BISSA 53%

## CLASS - VIII



Pradeep Kumar A | Sanowar Bano A | Harsh Sain A | Aleena Parveen A | Divya Chahila A | Aakash Pal A | Lokesh Pal A | Sourabh Rawat A | Aaliya A | Ikra Bano A | Laxmi Saini A | Janhavi Pal A | Sanu Ray A

Ayush Pathak A | Komal B | Chetan Parashar B | Ankit Kumar B | Kajal Kumari B | Jiya Sain B | Aditya Pathak B | Moh. Rehan B | Abdul Istiyak B | Nikki Sahani B | Sonam Saroj B | Sufiyaan B

## CLASS - V



Abhay Pratap A | Ashad Khan A | Monu Shrama A | Budhan Sharma A

Payal Saini A | Pratiksha Sain A | Rishabh Tanwar A | Mayank Baghel B | Ganesh Gupta B





Aayush Kumawat A | Aakash Rawat B | Mahi Sain B | Zoya Khatun B

Pooja Kumari B | Kushal Saini B | Ankit Prajapat B | Akshara Panwar B | Ranoo Dhanka C




17, Park View Colony Behind NBC Quarters, Khatipura Road, Jaipur-06 Mob.:9351451481

## ACTIVITIES



Independence Day | Krishna Janmasthami | Social Work Participation | Cultural Program

Drawing Competition | Picnic Tour | Art Competition | Computer Classes

Boxing Competition | Free Book Distribution | Clay Art | Children Dance

Topper Result Celebrate | Drama & Dance | Firewell Party | PTM Every Month

## ADMISSION OPEN

PARASHAR SCHOOL FAMILY





RAMLAL PARASHAR
DIRECTOR



SUGHAR SINGH
PRINCIPAL

FOR DETAILS

DIRECTOR
9351451481
PRINCIPAL
8114470073

Address
17, Park View Colony Behind NBC Quarters, Khatipura Road, Jaipur-06


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार